

# गांव से ग्लोबल तक...




# लघु उद्योगों की बढ़ती ताकत



## लघु उद्योग भारती के मंच से सीएम सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का संदेश

## राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर से पहुंचे लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधि और उद्यमी

हैलो हिन्द

हरियाणा के समालखा में साधना एवं ग्राम विकास केंद्र पर आयोजित लघु उद्योग भारती के तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में लघु उद्योगों और स्टार्टअप्स को नई दिशा देने की रणनीति पर गहन मंथन हुआ। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के नए अवसर पैदा करने में एमएसएमई और युवा उद्यमियों की भूमिका निर्णायक होगी।

### युवा उद्यमी ही लिखेंगे विकसित भारत की कहानी : नायब सिंह सैनी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों की सफलता में लघु उद्योगों की भूमिका सर्वोपरि है। हरियाणा का 1.3% भौगोलिक क्षेत्र होने के बावजूद यह राष्ट्रीय जीडीपी में 3.6% योगदान दे रहा है। यह हरियाणा की औद्योगिक शक्ति का प्रमाण है। विगत 11 वर्षों में हरियाणा में 7.66 लाख एमएसएमई स्थापित हुए हैं, जिनसे 39 लाख लोगों को रोजगार मिला। प्रदेश में 10 नए आईएमटी विकसित करने की योजना है, जिनमें अंबाला, जींद और फरीदाबाद–पलवल में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। व्यापार सुगमता के लिए 48 विभागों में 1100 अनुपालन नियम खत्म किए गए। हरियाणा में आज 9100 से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं और 19 यूनिकॉर्न कंपनियां सक्रिय हैं। महिलाओं की भागीदारी को 60% तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। करनाल में 500 किसानों को ड्रोन टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री की 28 हजार यूनिट्स लग चुकी हैं, जिन्हें आगे और प्रोत्साहन दिया जा रहा है। सीएम सैनी ने कहा कि सरकार ने स्टार्टअप के लिए 2,000 करोड़ रुपए का फंड ऑफ फंड्स और ड्रोन प्रौद्योगिकी के लिए 10 करोड़ रुपए का विशेष फंड स्थापित किया है।

### रोजगार सृजन में एमएसएमई की बड़ी भूमिका : मनोहर लाल



केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश के 28 करोड़ लोगों को आज एमएसएमई रोजगार दे रहा है। छोटे-छोटे उद्योग न सिर्फ शहरों बल्कि दूर-दराज के इलाकों में भी रोजगार और आत्मनिर्भरता का मार्ग खोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार 22 प्रकार की योजनाएं लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए चला रही हैं। जीएसटी सुधारों ने उद्योग जगत को बड़ी राहत दी है विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने के लिए एमएसएमई आधारित निर्यात को गति देनी होगी। महिलाओं को बड़े उद्योगों के साथ-साथ छोटे उद्योगों में भी आगे लाना होगा। भारत की जीडीपी आज दुनिया में चौथे स्थान पर है और जल्द ही जर्मनी को पीछे छोड़ तीसरे स्थान पर आने का लक्ष्य है।

**इनकी रही उपस्थिति :** इस मौके पर हरियाणा के उद्योग मंत्री राव नरवीर सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक, लघु उद्योग भारती के निवर्तमान अध्यक्ष घनश्याम ओझा, संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र, उपाध्यक्ष अरविंद धूमल, सचिव नरेश पारीक, प्रदेश अध्यक्ष शुभ आदेश मित्तल, महामंत्री मनोज रुंगटा, कोषाध्यक्ष रमन सलूजा, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं हरियाणा सहप्रभारी अरुण बजाज, पानीपत अध्यक्ष कपिल गुप्ता, फरीदाबाद अध्यक्ष राकेश गुप्ता, महामंत्री अमृतपाल कोचर, बल्लभगढ़ अध्यक्ष अशोक चौधरी, अंजू बजाज, कौशल गोयल सहित विविध औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि और उद्यमी उपस्थित रहे।

### अधिवेशन में केबीएस की भूमिका

राष्ट्रीय अधिवेशन में 1000 से ज्यादा उद्यमी शामिल हुए। इस मौके पर केबीएस सर्टिफिकेशन सर्विसेज लिमिटेड को कार्यक्रम का कार्बन न्यूट्रैलिटी सर्टिफिकेशन पार्टनर बनाया गया। आईएसओ 14068 मानक के तहत तैयार प्रमाणपत्र केबीएस के मैनेजिंग डायरेक्टर कौशल गोयल ने प्रस्तुत किया, जिसे हरियाणा के मुख्यमंत्री ने लघु उद्योग भारती को सौंपा। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### आत्मनिर्भर भारत की नई धारा



हरियाणा के समालखा में आयोजित लघु उद्योग भारती राष्ट्रीय अधिवेशन सिर्फ औद्योगिक चर्चा का मंच नहीं था, बल्कि युवाओं और उद्यमियों के लिए नए अवसरों और प्रेरणा का स्रोत भी बन गया। अधिवेशन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के विचारों ने यह संदेश दिया कि लघु उद्योगों को विकसित करने से न केवल रोजगार सृजन होता है, बल्कि प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है। हरियाणा ने इस दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री दोनों ने उद्यमियों को यह भरोसा दिलाया कि सरकार हर स्तर पर उनके साथ खड़ी है। इस तरह का प्रोत्साहन न केवल उद्योगों को बढ़ावा देगा बल्कि रोजगार सृजन और स्वावलंबन की नई राह भी खोलेगा। -**अरुण बजाज,** सह प्रभारी हरियाणा, लघु उद्योग भारती



लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अधिवेशन ने यह साबित कर दिया कि छोटे उद्योगों के बिना आत्मनिर्भर भारत की कल्पना अधूरी है। यह मंच उद्यमियों को दिशा, सरकार की नीतियों पर भरोसा और आगे बढ़ने का हौसला देता है। - **रविभूषण खत्री,** प्रभारी, लघु उद्योग भारती, फरीदाबाद-पलवल



लघु उद्योग भारती का यह राष्ट्रीय अधिवेशन हरियाणा ही नहीं, पूरे देश के एमएसएमई क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत है। यहां से निकली नई सोच और नीतिगत सुझाव छोटे उद्योगों को मजबूती देंगे और युवा उद्यमियों को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान करने का अवसर मिलेगा। - **आरके गुप्ता,** जिलाध्यक्ष, लघु उद्योग भारती फरीदाबाद



राष्ट्रीय अध्यक्ष मधुसूदन दादू का स्वागत करते पदाधिकारी

### लघु उद्योग भारती की नई राष्ट्रीय टीम

लघु उद्योग भारती की अखिल भारतीय कार्यसमिति एवं कार्यकारिणी की बैठक में वर्ष 2025–27 के लिए नई राष्ट्रीय टीम का गठन किया गया, जिसमें नोएडा के मधुसूदन दादू को अखिल भारतीय अध्यक्ष, दिल्ली के ओम प्रकाश गुप्ता को अखिल भारतीय महामंत्री और कोटा के महेश गुप्ता को अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष नामित किया गया। आगरा के राकेश गर्ग को अखिल भारतीय संयुक्त महामंत्री और दीपक अग्रवाल को अखिल भारतीय सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने अपने संबोधन में कहा कि सूक्ष्म एवं लघु उद्योग तभी प्रगति कर सकते हैं जब सरकारी योजनाओं की सही जानकारी उद्यमियों तक पहुंचे और वे उसका लाभ उठा सकें। बैठक में उत्तर प्रदेश की विभिन्न इकाइयों से लगभग 200 उद्यमियों ने भाग लिया। प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र सिंह और प्रदेश महामंत्री अमित अग्रवाल ने इसे संगठन के लिए गौरव का विषय बताया।



हरियाणा के समालखा में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन एमएसएमई की संभावनाओं और चुनौतियों पर गंभीर विमर्श का मंच बना। छोटे उद्योगों की मजबूती ही आत्मनिर्भर भारत की असली नींव है। उद्यमियों के लिए यह अधिवेशन नई दिशा और ऊर्जा लेकर आया है। - **अंकुर जैन,** अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती, यूपीसीडा (गौतमबुद्धनगर)



लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अधिवेशन में कार्बन न्यूट्रैलिटी सर्टिफिकेशन देकर हमें गर्व की अनुभूति हुई। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि भारतीय उद्योग आज सतत विकास और हरित भविष्य को प्राथमिकता दे रहे हैं। - **कौशल गोयल,** एमडी केबीएस सर्टिफिकेशन सर्विसेज लिमिटेड